Achievements

दिनांक 11.11.2018 को पुलिस दूरसंचार मुख्यालय, लखनऊ पर राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जनसामान्य के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर का उद्घाटन मा0 राज्यपाल, उत्तर प्रदेश, श्री राम नाईक जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्री आशुतोष टण्डन, मा0 स्वास्थ्य शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार, श्री ब्रजेश पाठक, मा0 कानून मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार, श्री प्रमोद कुमार तिवारी, पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, श्री राम गोपाल गुप्त, सेवानिवृत्त निदेशक, पुलिस दूरसंचार एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष, डॉ0 एम0एल0बी0 भट्ट, कुलपति, के0जी0एम0यू0, लखनऊ तथा ट्रस्ट के पदाधिकारी, अधिकारी/कर्मचारी एवं मीडियाबन्धु उपस्थित रहे। चिकित्सा शिविर के उत्कृष्ट प्रबन्धन हेतु मा0 राज्यपाल, उत्तर प्रदेश, श्री राम नाईक जी द्वारा श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक, पुलिस दूरसंचार को सम्मानित किया गया।



15 मार्च 2019 को समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार, नई दिल्ली द्वारा आयोजित अखिल भारतीय पुलिस दूरसंचार सेवाओं के प्रमुखों की, "पुलिस दूरसंचार प्रशिक्षण की आवश्यकतायें" विषय पर आयोजित, एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस में राज्यों के पुलिस बलों एवं अर्द्धसैनिक बलों के दूरसंचार प्रमुख/प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। कॉन्फ्रेंस में पश्चिम बंगाल के अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, श्री देबाशीष रॉय, असम राईफल्स, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी के उपमहानिरीक्षकगण/कर्नल ने भी भाग लिया। कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ निदेशक, समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार, नई दिल्ली, श्री आनन्द स्वरुप ने किया।

कॉन्फ्रेंस के दौरान श्री सिंह ने अपने प्रस्तुतीकरण में पुलिस दूरसंचार प्रशिक्षण की आवश्यकताओं, प्रशिक्षण कार्य में उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार के योगदान (ऑनलाईन/ऑफलाईन परीक्षाओं के आयोजन, 09 मूलभूत एवं पदोन्नति प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन, 13 विशेष अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों/कार्यशालाओं के संचालन, 09 मैनुअल एवं 05 प्रश्न बैंक का लेखन, 06 मैनुअल उ0प्र0 पुलिस की वेबसाईट पर अपलोड करने, 08 श्रेणियों में प्रत्येक वर्ष विभागीय दक्षता प्रतियोगिताओं का आयोजन व प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कार्मिकों को पुरस्कार तथा सम्मान पत्र देने, प्रशिक्षण कार्य हेतु वातानुकूलित कक्षाओं, कम्प्यूटर कक्ष, मॉडल कन्ट्रोल रुम एवं नवीनतम उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाओं की स्थापना, जीपीएस/जीआईएस एवं सेटेलाईट इमेजिंग पर प्रशिक्षण कराने, छत्तीसगढ़ पुलिस के 120 कार्मिकों को प्रशिक्षित करने, नेशनल पुलिस म्यूज़ियम, नई दिल्ली हेतु सामग्री उपलब्ध कराने इत्यादि) को स्पष्ट किया तथा भारत में पुलिस दूरसंचार प्रशिक्षण गतिविधियों के उन्नयन हेतु सुझाव भी प्रस्तुत किये गये।

कॉन्फ्रेंस में उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस दूरसंचार प्रशिक्षण में नवीनता, अभिनव प्रयोगों, विविधतापूर्ण समसामयिक प्रशिक्षण, देश के सभी पुलिस दूरसंचार संगठनों के लिये इण्टरनेट पर पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने इत्यादि सराहनीय प्रयासों/प्रयोगों के लिये स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मानित किया गया।